विधानसभा अतारांकित प्रश्न क्र० - 1633 प्रश्न भाग (घ) का परिशिष्ट - "अ"

प्रश्नकर्ता - माननीय विधायक श्री [illegible] बागरी प्रश्न सं. [क्र. 1633]

[ 27/3/2023]

पृष्ठ - 3

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें,
मध्यप्रदेश

क्र. / 01 जी / विज्ञप्त / सेल–05 / 2022 / 692 भोपाल, दिनांक 16 / 03 / 2022

प्रति,

1.समस्त, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें म.प्र.।
2.समस्त, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी म.प्र.।
3.समस्त, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक म.प्र.।
4.समस्त, मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी म.प्र.।

**विषय– कोविड–19 के दौरान किये गये समस्त प्रकार के संलग्नीकरण तत्काल समाप्त करने के संबंध में ।**

––00––

स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत प्रदेश के समस्त जिलों में कोविड–19 के दौरान विगत वर्षो में चिकित्सकों, स्टाफ नर्सो, पैरामेडिक स्टाफ, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता आदि अन्य कर्मचारियों का संलग्नीकरण मूल पदस्थापना से अन्यत्र संस्था में संलग्नीकरण किया गया हैं, वर्तमान में कोविड की स्थिति सामान्य है एवं संलग्नीकरण की आवश्यकता नहीं है इस स्थिति में किसी भी प्रकार के संलग्नीकरण की आवश्यकता नहीं है, इसके बाद भी जिला स्तर, ब्लाक स्तर पर नियंत्रणकर्ता अधिकारियों द्वारा चिकित्सकों , स्टाफ नर्सो एवं अन्य चिकित्सकीय / गैर चिकित्सकीय स्टाफ का संलग्नीकरण किया जा रहा है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवायें अनावश्यक रूप से प्रभावित हो रही है ।

अतः निर्देशित किया जाता है कि संभाग स्तर,जिला स्तर, विकासखण्ड स्तर से आपके द्वारा किये गयें समस्त प्रकार के संलग्नीकरण तत्काल समाप्त किये जाने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें ।

समस्त क्षेत्रीय संचालक उनके अधीनस्थ जिलों के सम्बंध में प्रमाण पत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रेषित करेंगे कि "उनके अधिनस्थ समस्त जिलों / संस्थाओ में समस्त संलग्नीकरण समाप्त किये गये है किसी भी प्रकार का संलग्नीकरण शेष नहीं है"। उक्त कार्यवाही कर जानकारी विशेष डाक एवं संचालनालय ई–मेल gazattednoc@gmail.com पर 07 दिवस के भितर प्रेषित करना सुनिश्चित करें । किसी भी लापरवाही की स्थिति में जवाबदेही का निर्धारण आपके विरूद्ध किया जावेगा।

(डॉ.सुदाम खाडे)
आयुक्त स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश

पृ0क्र. / 01 जी / विज्ञप्त / सेल–05 / 2022 / 692 भोपाल, दिनांक 16 / 03 / 2022

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. अपर मुख्य सचिव म0प्र0शासन,लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय भोपाल,म0प्र0।
02. विशेष सहायक मान. मंत्री जी लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,मंत्रालय भोपाल म0प्र0।
03. समस्त जिला कलेक्टर मध्यप्रदेश ।
04. अपर संचालक (प्रशासन) / अविज्ञप्त / परिवार कल्याण / विज्ञप्त स्थानीय कार्यालय ।
05. प्रभारी एम0आई0एस0,स्थानीय कार्यालय, भोपाल म0प्र0।

डॉ. हिमांशु जैसवार
उप. संचालक I.R.T.S.
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश

अति आवश्यक

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सतना म.प्र.

क्र. /मु.चि.अ./अविज्ञप्ति /2023/ ..592 सतना, दिनांक..20.01.23

प्रति,

1.खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र – अमरपाटन, मझगवां, उंचेहरा, नागौद, अमदरा, रामपुर बघेलान, रामनगर, कोठी
जिला सतना म.प्र.

2.प्रभारी चिकित्सा अधिकारी
सिविल अस्पताल – मैहर, अमरपाटन

विषय – मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ता / सुपरवाईजर द्वारा मुख्यालय में कार्य करने बाबत ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि समाचार पत्रों / जनप्रतिनिधियो द्वारा बार बार अवगत कराया गया है कि मैदानी क्षेत्र में कार्यरत पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं सुपरवाईजरो से ब्लाक मुख्यालय में अपने मूल दायित्व के अतिरिक्त कार्य लिया जा रहा है। इस कारण से राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में लक्ष्यपूर्ति बाधित हो रही है । अतःआपको निर्देशित किया जाता है कि ब्लाक मुख्यालय में कार्यरत उपस्वास्थ्य केंद्र/ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ / सुपरवाईजर को तत्काल निर्देशित करें कि वे अपने मूल पदस्थापना मुख्यालय स्थल पर रहकर कार्य करें ।

निर्देशों के पालन के आभाव में यदि ग्रामीण स्वास्थ्य सेवायें प्रभावित होती है तो इसके लिए सम्बंधित प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / खण्ड चिकित्सा अधिकारी का उत्तरदायित्व होगा एवं निर्धारित लक्ष्य पूर्ति न होने पर सम्बंधित के विरूद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी ।

(डॉ.एल.के.तिवारी)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला सतना (म.प्र.)

पृ. क्र. /मु.चि.अ./अविज्ञप्ति./2023/..592-93 सतना, दिनांक..20.01.23

प्रतिलिपि :-आवश्यक कार्यवाही हेतु एवं सूचनार्थ ।

1. स्वास्थ्य आयुक्त, स्वास्थ्य सेवायें, भोपाल मध्य प्रदेश ।
2. क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवायें रीवा संभाग, रीवा ।
3. कलेक्टर, जिला सतना म.प्र ।

(डॉ.एल.के.तिवारी)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला सतना (म.प्र.)

डॉ. हिमांशु जैयसवार
उप. संचालक I.R.T.S.
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,जिला पन्ना(म.प्र.)

पता जिला चिकित्सालय परिसर,पन्ना Email id cmhopan@nic.in Phone No 07732-252009

क्र./सामान्य/2022/ 4041-42 पन्ना,दिनांक 8-4-22

प्रति,

समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी,
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र,अजयगढ़/देवेन्द्रनगर
अमानगंज,पवई,शाहनगर,जिला पन्ना(म.प्र.)

**विषयः**—मुख्यालय में रहने के संबंध में निर्देश।

उपरोक्त विषयांतर्गत पूर्व में राज्य स्तर से कर्मचारियों को मुख्यालय में रहने हेतु निर्देश जारी किये गये थे।

अतः निर्देशित किया जाता है कि आप अपने अधीनस्थ स्वास्थ्य संस्थाओं में कार्यरत नियमित/संविदा कर्मचारियों को मुख्यालय में रहने हेतु निर्देशित करें एवं उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित करें।

(डॉ.व्ही.एस.उपाध्याय)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला पन्ना(म.प्र.)

पृ.क्र./सामान्य/2022/ 4041-42 पन्ना,दिनांक 8-4-22
प्रतिलिपिः—

1. आयुक्त स्वास्थ्य सह सचिव,संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें,भोपाल म.प्र.।
2. मिशन संचालक,राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,मध्यप्रदेश।
3. कलेक्टर,जिला पन्ना म.प्र.।
4. क्षेत्रीय संचालक,स्वास्थ्य सेवायें,सागर संभाग सागर म.प्र.।
5. सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक,जिला पन्ना म.प्र.।
6. जिला कार्यक्रम प्रबंधक,एन.एच.एम.,जिला पन्ना म.प्र.।
7. अधीक्षक,स्थानीय कार्यालय पन्ना म.प्र.।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला पन्ना(म.प्र.)

डॉ. हिमांशु जैसवार
उप. संचालक I.R.T.S.
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश